## महत्वपूर्ण एवं खास

### जयवीर शेरगिल को धमकी दिए जाने की कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने 2018 के विधानसभा चुनावों में हमारे साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा को उखाड़ फेंकने में अहम भूमिका निभाई थी। जयवीर शेरगिल को इमेल भेजकर हत्या और परिवारजनों के साथ दुष्कर्म जैसी ओछी निम्नस्तरीय धमकी की कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि करंट लगाने और गोली मारने की विचारधारा के लोगों ने अब हत्या और दुष्कर्म की धमकियां देना शुरू कर दिया है। जयवीर शेरगिल ने पुलवामा के शहीदों के परिवारजनों के साथ न्याय की बात उठाई है।

### मुख्यमंत्री ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं कि आज से प्रारंभ हो रही परीक्षा में शामिल हो रहे सभी विद्यार्थियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर संदेश में कहा है कि बच्चों ने वर्ष भर खूब मेहनत से पढ़ाई की है। अब उनकी परीक्षा का समय आया है, सभी बच्चों को मेरी ढेर सारी शुभकामनाएं। पूरे आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ दें, सफलता अवश्य मिलेगी।

### महिला ने आग लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**मुंगेली (आरएनएस)।** लोरमी के वार्ड-2 डोंगरीपारा में एक महिला ने आग लगाकर खुदकुशी कर ली। पड़ोसियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि महिला घटना के वक्त घर में अकेली थी। वह अपनी बच्ची को पड़ोस में छोड़ आई थी। इसके बाद उसने अपने शरीर पर केरोसीन डाल लिया और आग लगा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पड़ोसी अनिता यादव ने बताया कि वह मृतिका के 2 वर्षीय बच्ची को शाम करीब 4 बजे घर पहुंचाने गई, तब अचानक देखी महिला जल रही थी। इस दौरान मृतिका बुरी तरह से आग की चपेट में थी। इसकी जानकारी तत्काल पड़ोसी ने आसपास के लोगों को दी। जिसके बाद मौजूद लोगों ने जलते हुए शरीर को बुझाने शरीर में पानी डाला, लेकिन महिला की मृत्यु हो गई। मृतिका के पति मनोज यादव ने बताया कि वह अपनी पत्नी से आपसी विवाद के चलते 24 जनवरी के बाद से घर ही नहीं गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार माहेश्वर उईके के समक्ष लोरमी पुलिस द्वारा बयान दर्ज किया गया। फिलहाल इस पूरे मामले में लोरमी पुलिस नवविवाहित की मौत के बाद जांच में जुटी है। लोरमी एसडीओपी कादिर खान ने घटना स्थल पहुंचकर मुआयना किया। फिलहाल इस पूरे मामले में लोरमी थाना प्रभारी नेल्सन कुजूर ने नवविवाहिता महिला की मौत के बाद मर्ग कायम कर लिया है। उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

### चाकू लेकर लोगों को आतंकित करता एक पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के सरस्वतीनगर थाना क्षेत्र में रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पास शुक्रवार की रात करीब 8 बजे आरोपी हारून खान पिता ईशब खान (42 वर्ष) को चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस आर्म्स 25, 27 एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### एक से ढाई लाख बयाना लेकर दूसरे को मकान बेच दिया

» 420 का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने का एक और मामला सामने आया है। कोतवाली थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ममता जैन पति ललित (46) निवासी टैगोर नगर निवासी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसने आरोपी श्रीमती सेफाली शुक्ला, श्रीमती सोनल शुक्ला एवं अन्य निवासी राजीव नगर से राजेन्द्रनगर वार्ड क्र.46 रायपुर स्थित उनके मकान का सौदा 23 लाख रूपये में किया था। इसके लिए उसने आरोपियों को बयाना के रूप में 02 लाख 49 हजार रूपये देकर इकरानामा भी किया था। इसके बावजूद आरोपियों ने उक्त मकान को दुसरे के पास बेचकर उसके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने उक्त शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

# प्रदेश के 1851 हाट-बाजारों में 10 लाख से अधिक लोगों का इलाज

» ग्रामीणों की निःशुल्क जांच, उपचार व दवाईयां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वनांचलों और ग्रामीण इलाकों के हाट-बाजारों में स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमों द्वारा दस लाख तीन हजार 678 लोगों को इलाज मुहैया कराया गया है। हाट-बाजारों की क्लिनिक में पहुंचे नौ लाख पांच हजार 473 मरीजों को जांच व उपचार के बाद निःशुल्क दवाईयां दी गई हैं।

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के अंतर्गत प्रदेश के एक हजार 851 हाट-बाजारों में क्लिनिक लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा योजना शुरू होने के बाद से कुल 17 हजार 150 हाट-बाजार क्लिनिक आयोजित किए गए हैं। हाट-बाजार क्लिनिक में जरूरतमंदों को निःशुल्क उपचार, चिकित्सीय परामर्श और दवाईयां उपलब्ध कराने के साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मलेरिया, एचआईव्ही, मधुमेह, एनिमिया, टीबी, कुष्ठ रोग, उच्च रक्तचाप और नेत्र विकारों की जांच भी की जा रही है। इन क्लिनिकों में शिशुओं और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है। अप्रैल-2019 से वनांचलों में और 2 अक्टूबर 2019 से ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के अंतर्गत अब तक 90 हजार 464 लोगों की मलेरिया जांच की गई है। पॉजिटिव पाए गए तीन हजार 821 मरीजों का उपचार भी इन क्लिनिकों में किया गया है। योजना के अंतर्गत चार लाख 25 हजार 011 लोगों के उच्च रक्तचाप, दो लाख 99 हजार 011 लोगों की मधुमेह, 84 हजार 201 लोगों की रक्त-अल्पता (एनिमिया) और 23 हजार 584 लोगों के नेत्र विकारों की जांच की गई है।

हाट-बाजार क्लिनिकों में तीन हजार 619 लोगों की टीबी (क्षय रोग), दो हजार 869 लोगों की कुष्ठ और तीन हजार 016 लोगों की एचआईव्ही जांच भी की गई है। इस दौरान 21 हजार 176 गर्भवती महिलाओं की जांच और तीन हजार 720 शिशुओं को टीके लगाए गए हैं। हाट-बाजार क्लिनिकों में 16 हजार 357 डायरिया पीड़ितों का भी उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना इस साल 10 फरवरी तक प्रदेश के एक हजार 851 हाट-बाजारों में शुरू की जा चुकी है।

## आवास मंत्री श्री अकबर ने किया 'न्यू इंडिया समिट' कार्यक्रम का शुभारंभ

» प्रदेश में रियल एस्टेट के विकास को बढ़ावा देने



**रायपुर।** वन और आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज नवा रायपुर अटल नगर में क्रेडाई संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'न्यू इंडिया समिट' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छोटे-छोटे शहरों में भी रियल एस्टेट के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रेरा के अध्यक्ष श्री विवेक ढांड ने की।

आवास मंत्री श्री अकबर ने इस मौके पर प्रदेश ही नही अपितु देश में घर खरीदने की प्रक्रिया को पारदर्शी तथा आसान बनाने 'क्रेडाई आवास ऐप' का भी शुभारंभ किया। यह ऐप 21 राज्यों और 220 शहरों के 20 हजार डेवलपर्स को सीधे भावी खरीददारों के साथ जोड़ेगा और भारत में रिहायशी बाजार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री अकबर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हर संभव पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। इनमें प्रदेश में छोटे भूखण्डों की खरीद-बिक्री पर लगी रोक को हटाया गया है।

इसी तरह कलेक्टर गाइड लाईन की दरों में 30 प्रतिशत और पंजीयन शुल्क की राशि में दो प्रतिशत की कमी गई है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है और रियल एस्टेट के क्षेत्र में काफी उछाल आया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक वर्ष में लगभग डेढ़ गुना तक की वृद्धि हुई है।

## केन्द्र सरकार के 'नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स सर्टिफिकेट टीम' ने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सुविधाओं की सराहना की

» सर्वोच्च चिकित्सा क्वालिटी सर्टिफिकेट के लिए जिला अस्पताल का निरीक्षण




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में प्रदेश के मैदानी और दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अस्पतालों में जरूरी दवाई, उपकरण के साथ-साथ साफ-सफाई से लेकर मानव संसाधन की प्रर्याप्त संख्या में व्यवस्था की जा रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लिनिक के माध्यम से वनांचल क्षेत्रों के हॉट बाजारों में आने वाले लोगों का चिकित्सा जांच के साथ-साथ उन्हें दवाई भी दी जा रही है तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति कों उच्च चिकित्सा सुविधा वाले अस्पतालों में रेफर कर ईलाज किए जा रहे है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गरीब परिवारों के स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू की गई है। योजना के तहत राशन कार्ड को भी मान्य किया है। अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले राशन कार्डधारी कोई भी व्यक्ति अब पांच लाख रूपए तक का निःशुल्क ईलाज करा सकता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य विभाग के विशेष दल द्वारा जिला अस्पताल बलौदाबाजार का निरीक्षण कर मूल्यांकन किया गया। इस विशेष दल द्वारा सर्वोच्च चिकित्सीय कार्यों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेट जारी करने हेतु टीम ने तीन दिनों तक जिला अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का बारीकी से आंकलन किया। केन्द्र सरकार के इस नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स सर्टिफिकेट टीम में डॉ. ज्योटीमोन लँगवे शिलांग और श्रीमती जीना प्रदीप नई दिल्ली शामिल थीं। और डॉ राजेश कुरील सहित सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह परिहार के सहयोग एवं मार्गदर्शन में मूल्यांकन कार्य सम्पन्न हुआ।

## राज्यपाल से किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुईया उइके से सचिन दाढ़े के नेतृत्व में आज छिंदवाड़ा जिले में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल को बताया कि छिंदवाड़ा जिले के समस्त किसानों की भूमि नागपुर-छिंदवाड़ा अमान परिवर्तन हेतु अधिग्रहण किया गया है। नागपुर मंडल द्वारा विधिवत जांच करके 63 उम्मीदवारों का मेडिकल हुए 2 माह हो चुके है, जिन्हें किसानों की फाईल महाप्रबंधक के अनुमोदन से 1 वर्ष से लंबित है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से भू स्थापितों को जल्द नियुक्ति दिलाने का आग्रह किया है।

## ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** ग्रामोद्योग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार कल दुर्ग जिले के प्रवास पर रहेंगे। गुरू रूद्रकुमार दोपहर 12.30 बजे सतनाम सदन जेल रोड रायपुर से दुर्ग जिले के ग्राम खपरी के लिए प्रस्थान करेंगे। वें दोपहर 1.00 बजे खपरी पहुंचेंगे और वहां आयोजित जिलास्तरीय पशु मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। वें दोपहर 2.00 बजे भिलाई-3 स्थित निवास आएंगे और वहां आयोजित ट्रायसिकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वें इसके बाद शाम 4.00 बजे जामुल में कोलता समाज के सामुदायिक भवन का शिलान्यास करेंगे।

## कृषि मंत्री चौबे ने देखा बिहान का स्टॉल - समूह की महिलाओं के हुनर की तारीफ की



**रायपुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने आज यहां किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा आयोजित किया गया था। आयोजन आश्रम के खेल मैदान में हुआ। कार्यक्रम में कृषि एवं विकास मंत्री ने खेल मैदान पर लगाए गई विभिन्न प्रदर्शनियों और स्टालों को देखा। मंत्री श्री चौबे ने बिहान स्टाल का अवलोकन किया और समूह की महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई सामग्रियों की अच्छी बिक्री हो रही है और उनके लगभग 10 हजार रुपए से अधिक के समान बिके है। कृषि मंत्री ने उनके मेहनत और हुनर की तारीफ की। इस अवसर पर बिहान के महिलाओं ने कृषि मंत्री को अपनी उत्पाद भेंट किया। किसान मेला में कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी, क्रेडा, रेशमपालन, कृषि विज्ञान केन्द्र, रामकृष्ण मिशन, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों द्वारा भी प्रदर्शनी लगायी गयी थी।

## विशेष अभियान का पाँचवा दिन 80 प्रतिशत से अधिक वाहन चालको के सीर में दिखने लगा हेलमेट

» पुलिस कार्यवाही को आम नागरिकों के साथ ही साथ मीडिया ने भी सराहा

» विशेष अभियान के चौथे दिन भी 1850 से अधिक उल्लंघन कर्ता वाहन चालकों पर की चालानी कार्यवाही



**रायपुर (आरएनएस)।** यातायात रायपुर दिनांक 14 फरवरी 2020 यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं उल्लंघन कर्ता वाहन चालकों पर अधिक से अधिक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर के 10 प्रमुख चौक :- रेलवे स्टेशन चौक, फाफाडीह चौक, देवेंद्र नगर चौक, मरहीमाता चौक, शास्त्री चौक, खजाना चौक, भगत सिंह चौक, अनुपम नगर चौक, महासमुंद बैरियर एवं वीआईपी टर्निंग पर लगातार दूसरे दिन प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक विशेष अभियान कार्यवाही जारी है। इस अभियान कार्यवाही के तहत रेड सिग्नल होने पर वाहन चालक को स्टॉप लाइन का पालन कराना, रॉन्ग साइड चलने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर-गलत नंबर पर कार्यवाही, बिना कागजात के ऑटो संचालन ,इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग पर सवारी बैठाने पर कार्यवाही, चौंक के चारों ओर व्यवस्थित पार्किंग कराना एवं चौक पर लेफ्ट टर्न फ्री कराना, नो पार्किंग पर वाहन खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर क्रेन कार्यवाही की जा रही है।

## आईटीबीपी नें ग्रामीण युवक-युवतियों को भेजा शैक्षणिक भ्रमण पर



**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले में तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 45वीं वाहिनी द्वारा जिले के ग्रामीण युवक-युवतियों को बीते गुरूवार को 12 वीं आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत जिले के 15 ग्रामीण युवक-युवतियों को लखनऊ के शैक्षणिक भ्रमण हेतु जेलबाड़ी कैम्प से रवाना किया गया। सेनानी 45 वीं वाहिनी आईटीबीपी भानुप्रताप सिंह ने इन युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस भ्रमण के दौरान आप सभी को दूसरे राज्यों की कला, सांस्कृति, परंपरा, खान-पान तथा ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानने समझने को मिलेगा। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने समाज के नवनिर्माण में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उप सेनानी दिनेश कुमार, डॉ अखिलेश तोमर, डॉ हराथी पी एवं वाहिनी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

» आरोपियों से 49 लाख 10 हजार रूपये बरामद » एक अभी भी फरार

# देवेन्द्र नगर में डकैती: 24 घंटे के भीतर पकड़े गए पांच आरोपी



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर इलाके में स्थित क्षितिज अपार्टमेंट में प्लाइवुड कारोबारी के घर घुसकर दो भाईयों से कट्टे की नोक पर 50 लाख रूपये की डकैती करने की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया। पुलिस ने इस वारदात में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से डकैती की 49 लाख 10 हजार रूपये रकम और कट्टा भी बरामद कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ शेख ने आज यहां इस डकैती का खुलासा करते हुए बताया कि इस डकैती का मुख्य सरगना मेलाराम है निजो बीकानेर का रहने वाला है। मेलाराम पहले प्रार्थी बजरंग शर्मा के घर में ही काम करता था। करीब दो साल पूर्व ही उसने यहां काम करना छोड़ा था। चूंकि मेलाराम घर में काम करता था इसलिए उसे सब पता था कि बजरंग शर्मा के घर पर रोज लाखों रूपये वसूली के आते रहते थे। मेलाराम ने बजरंग शर्मा के घर में डकैती की योजना बनाई और सबसे पहले बीकानेर निवासी जयनारायण से संपर्क साधा। जयनारायण के जरिए उसने वारदात में शामिल अशोक जाखड़, प्रेम जाट,जयकिशन गोदारा, गणेश जाट एवं भवर चौधरी से संपर्क किया। जिसके बाद सभी पांच आरोपी वारदात को अंजाम देने यहां पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों में मेलाराम को छोड़कर अन्य पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने डकैती की 49 लाख 10 हजार रूपये रकम के साथ वारदात में प्रयोग किया गया कट्टा भी बरामद कर लिया है, जिसे आरोपियों ने वारदात के बाद एक नाले में फेंक दिया था। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी बीकानेर के रहने वाले है जो आदतन अपराधी प्रवृत्ति के है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU